पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने राष्ट्रपति को एयरपोर्ट पर बिदाई दी</u>

लखनऊ: 15 सितम्बर 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द को लखनऊ के चैधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से बिदाई दी।

ज्ञातव्य है कि राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर थे। लखनऊ में कल श्री कोविन्द ने अम्बेडकर महासभा में डाॅ0 भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की थी। उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनन्दन में शामिल हुए। आज राष्ट्रपति ने कानपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारम्भ किया। सभी कार्यक्रमों में प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ साथ रहे।

चैधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा मंत्रीमण्डल के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (349/21)